हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 नवंबर 2025

9 विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ



10 महाकुंभ में कैरू के खिलाड़ियों ने झटके 183 मेडल



## खबर संक्षेप

### जिला खो-खो टीम का चयन 23 नवंबर को

**भिवानी।** भिवानी जिले के कस्बा बवानीखेड़ा स्थित आदर्श वमा विद्यालय में लड़के व लड़कियों की जिला स्तरीय सब जूनियर व जूनियर खो-खो टीम की चयन प्रतियोगिता 23 नवंबर को होगी। यह जानकारी विद्यालय के निदेशक विकास यादव ने दी। एम्चयोर खो-खो संघ भिवानी के सहसचिव पीटीआई कृष्ण यादव ने बताया कि सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों की जन्मतिथि एक फरवरी 2012 या उसके बाद की होनी चाहिए। वहीं जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों की जन्मतिथि एक जनवरी 2008 या इसके बाद की होनी चाहिए।

### मोबाइल टॉवर से 48 बैटरी चोरी, केस दर्ज

**लोहारू।** उपमंडल के गांव गागड़वास में एक निजी कंपनी के नेटवर्क टावर की 48 बैटरियां चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। लोहारू पुलिस ने कंपनी के प्रतिनिधि रामअवतार की शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सिक्योरिटी कंपनी के फिल्ड आफिसर रामअवतार ने बताया कि एक निजी कंपनी का टॉवर गागड़वास गांव में स्थित है तथा अज्ञात चोर टॉवर शेल्टर का ताला तोड़कर 48 बैटरियां चोरी कर ले गया। पुलिस ने शिकायत दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महिला को झांसा देकर सोने की बालियां चुराईं

**लोहारू।** लोहारू शहर में चश्मा ठीक करवाने आई गांव झांझड़ा हसनपुर निवासी बुजुर्ग महिला को झांसा देकर दो युवक उसकी कानों की बालियां व उनके गले की पतरी चोरी कर ले गए। पीड़ित महिला की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। झांझड़ा हसनपुर निवासी सावित्री देवी ने बताया कि वह बीते दिवस लोहारू चश्मा ठीक कराने आई थी और एक अस्पताल में गई थी। इस दौरान दो युवक आ धमके और महिला को दस हजार रुपये व कंबल दिलाने का झांसा देकर उससे ठगी कर ली।

# कांग्रेस को अलविदा कह पूर्व मंत्री डॉ. वासुदेव शर्मा समर्थकों सहित इनेलो में शामिल

- भिवानी में इनेलो को मिली मजबूती : ब्राह्मण समाज के 101 पंडितों ने मंत्रोच्चारण कर अभय सिंह चौटाला का किया राज्याभिषेक
- 36 बिरादरी को इनेलो में शामिल कर चौधरी देवीलाल की नीतियों को प्रदेश में आगे बढ़ाएंगे : अभय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** डॉ. वासुदेव शर्मा को पगड़ी पहना इनेलो में शामिल करते अभय चौटाला।

मंगलवार को पूर्वमंत्री डॉ. वासुदेव शर्मा ने शहर में बड़ा जलसा कर कांग्रेस को अलविदा कह दिया और इनेलो का दामन थाम लिया। डॉ. वासुदेव के साथ हजारों समर्थकों व कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी इनेलो की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस के अलावा भाजपा और आम आदमी पार्टी को छोड़कर भी कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता इनेलो में शामिल हुए। इनेलो में शामिल होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने सबका अभिनंदन किया। इस दौरान इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक संपत सिंह, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान, पूर्व विधायक ओमप्रकाश गोरा, पूर्व विधायक रणबीर मंदोला और जिलाध्यक्ष अशोक ढाणी माहू समेत पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे। पूर्व मंत्री डॉ. वासुदेव शर्मा के इनेलो में शामिल होने पर ब्राह्मण समाज के 101 पंडितों ने मंत्रोच्चारण कर इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला का राज्याभिषेक किया। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कहा कि चौधरी देवीलाल ने सभी जातियों और धर्म के लोगों को जोड़कर सत्ता हासिल की थी और राजनीति में कैसे सभी जाति और धर्म के लोगों को ताकतवर बनाया जाए और कैसे उनकी पहचान बने, इसके लिए विभिन्न जातियों के लोगों को विधायक, सांसद व मंत्री बनाया। वहीं, भाजपा लोगों को धर्म और जाति के नाम पर लड़ाकर सत्ता में बने रहना चाहती है।

### देवीलाल सरकार में रहे खेल मंत्री

*डॉ. वासुदेव शर्मा चौधरी देवीलाल की सरकार में मंत्री थे। वर्ष 1987 में चौधरी देवीलाल ने प्रदेश की 90 में से 85 सीटें जीतकर हरियाणा में इतिहास रचने का काम किया था, जिनमें डॉ. वासुदेव भी शामिल थे। चौधरी देवीलाल ने डॉ. वासुदेव शर्मा को विधानसभा का डिप्टी स्पीकर एवं खेल मंत्री बनाया था।*

### देवीलाल की तीन पीढ़ियों के साथ काम किया

डॉ. वासुदेव शर्मा ने चौधरी देवीलाल को याद करते हुए कहा कि मुझे इस बात का गर्व है कि उन्हें चौधरी देवीलाल की तीन पीढ़ियों के साथ काम करने का मौका मिला है। डॉ. वासुदेव ने कहा कि वे दिन रात मेहनत करेंगे और इस भ्रष्ट भाजपा सरकार को हरियाणा से उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक संपत सिंह ने कहा कि भाजपा लोगों को जाति और धर्म के नाम तोड़ने का काम करती है, चौधरी देवीलाल जिस तरह से छत्तीस बिरादरी के लोगों को जोड़कर सोशल इंजिनियरिंग करते थे, वैसे ही सभी जाति और धर्म के लोगों को जोड़ने का समय आ गया है।

### भ्रष्टाचार चरम पर कानून व्यवस्था चौपट

चौटाला ने कहा कि आज भ्रष्टाचार चरम पर है और कानून व्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। भाजपा ने 11 वर्षों के राज में लुटेरों और अपराधियों को संरक्षण दिया। मैंने विधानसभा में सबूतों के साथ बकायदा भाजपा नेताओं का नाम लेकर खुलासा किया था कि कैसे भाजपा के नेता सत्ता में बैठकर अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने ऐलान किया कि इनेलो की सरकार बनने पर हर घर से एक पढ़े लिखे योग्य युवा को रोजगार देंगे, दूसरा प्रदेश से बदमाशों को जड़ से सफाया करेंगे और तीसरा प्रदेश में नशे को जड़ से खत्म करेंगे।

एसीपी लाभ में देरी से डिप्लोमा इंजीनियर्स में रोष, बार-बार अनुरोध के बावजूद की जा रही अनदेखी

# सांकेतिक हड़ताल कर 25 को जलापूर्ति ठप की चेतावनी

## डिप्लोमा इंजीनियर्स ने कुछ कर्मचारियों पर लगाया काम में ढिलाई का आरोप

- बार-बार डिवीजन व सर्किल कार्यालय के चक्कर काटने के बावजूद एसीपी लाभ लंबित : जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष सांकेतिक हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन के सदस्य।

विकास कार्यों की रीढ़ एवं सरकार व आमजन के बीच सेतु का कार्य करने वाले डिप्लोमा इंजीनियर्स संघर्ष की राह पर है। एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन (एसीपी) लाभ में हो रही अत्यधिक देरी के विरोध में डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन ने मंगलवार को महम रोड जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय के समक्ष एक दिन की सांकेतिक हड़ताल की।

एसोसिएशन ने उच्च अधिकारियों पर काम में ढिलाई और कुछ कर्मचारियों पर कामचोरी का आरोप लगाया, जिस कारण उन्हें ये कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा। एसोसिएशन के विरोध का मुख्य कारण कनिष्ठ अभियंता (जेई) को मिलने वाले एसीपी लाभ का वर्षों से लंबित होना है। एसोसिएशन ने मांग पूरी नहीं होने पर 25 नवंबर को जलापूर्ति और सीवरेज सिस्टम ठप करने की चेतावनी दी। डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के जिला प्रधान संजय जैन ने कहा कि सरकार की नीति के अनुसार कनिष्ठ अभियंताओं को 8 साल, 16 साल और 24 साल की सेवा पूरी करने पर एसीपी लाभ दिए जाने का प्रावधान है, जिससे उनकी तनख्वाह में बढ़ोतरी होती है। भिवानी के कुछ उच्चाधिकारी तथा मंडल व सर्किल कार्यालय के लापरवाह कर्मचारी इस मामले में बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि बार-बार डिवीजन और सर्किल कार्यालय के चक्कर काटने के बावजूद बहुत से कनिष्ठ अभियंताओं की एसीपी देय होने पर भी लंबित है। जैन ने कहा कि ये अत्यंक निदंनीय है कि वर्षों से चक्कर काटने के बावजूद भिवानी के कुछ उच्च अधिकारी तथा मंडल एवं सर्किल कार्यालय के कुछ कामचोर कर्मचारी इस बारे में कोई ध्यान नहीं दे रहे तथा अब भी परिणाम शून्य है। इस अवसर पर एसोसिएशन के महासचिव महेंद्र सिंह, श्रीभगवान शर्मा और बिजेश कुमार जावला ने भी संगठन को संबोधित किया। हड़ताल में ताजुद्दीन, अरविंद, कपिल श्योराण, दिनेश, मनजीत सिवाच, दीपक, आशीष जेई के अलावा रवि ग्रेवाल, जयप्रकाश तथा नवीन उप मंडल अभियंता आदि उपस्थित रहे।

### 24 तक का दिया अल्टीमेटम

एएसोसिएशन ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रमुख अभियंता पंचकूला की ओर से इस संबंध में पत्र जारी किया जा चुका, जिसमें प्रतिवर्ष समयबद्ध एसीपी लाभ देने की स्पष्ट हिदायत दी गई थी। इसके बावजूद स्थानीय अधिकारी और कर्मचारी मुख्यालय के महत्वपूर्ण निर्देशों की कोई अहमियत नहीं समझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जयप्रकाश एसडीओ जो जुलाई में विभाग से सेवानिवृत हो चुके हैं, उनकी एसीपी भी वर्ष 2020 से लंबित है। इस दौरान एसोसिएशन ने संबंधित अधिकारियों को 24 नवंबर तक का अंतिम अल्टीमेटम दिया है, इस समय सीमा तक एसीपी लाभ संबंधी समस्याओं का ठोस समाधान नहीं निकला तो एसोसिएशन 25 नवंबर को जलापूर्ति एवं सीवरेज सिस्टम ठप करने का निर्णय लेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित उच्चाधिकारियों की होगी।



**भिवानी।** जरूरतमंदों व असहाय लोगों के लिए तैयार किया गया रैन बसेरा।

# असहाय लोगों के लिए बनाए दो रैन बसेरे

## बस स्टैंड व वेदान धर्मशाला में बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सर्दी के मौसम के चलते नगर परिषद ने जरूरतमंद और असहाय लोगों के लिए शहर में दो रैन बसेरे बनाए हैं, जहां पर अलग-अलग कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई है।

उल्लेखनीय है कि दिन प्रतिदिन सर्दी बढ़ती जा रही है, ऐसे में लोगों के लिए आश्रय की जरूरत होती है। डीसी साहिल गुप्ता ने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जरूरतमंद लोगों के लिए शहर में रैन बसेरों की व्यवस्था करें। डीसी के आदेशानुसार नगर परिषद द्वारा शहर में बस स्टैंड पर व रेलवे स्टेशन के नजदीक वेदान धर्मशाला में रैन बसेरा की व्यवस्था की, जहां असहाय लोग रात को रुक सकते हैं। यहां पर दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने बताया कि बस स्टैंड पर कर्मचारी ललित व धर्मशाला में राजेंद्र की ड्यूटी लगाई है। असहाय लोगों को रात को रुकने में परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा इन रैन बसेरों की निरंतर निगरानी एवं निरीक्षण किया जाएगा।

# सीबीआई टीम ने दो राजकीय स्कूलों में पुराने रिकॉर्ड को खंगाला

- प्रदेश भर के कई स्कूलों में गड़बड़ी की सीबीआई टीम कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा



**बाढड़ा।** कस्बे की राजकीय प्राथमिक पाठशाला में जांच के लिए पहुंची सीबीआई की टीम।

सीबीआई की टीम ने बाढड़ा खंड के गांव बाढड़ा और पिचौपा कलां के सरकारी स्कूलों में पहुंचकर निरीक्षण किया। टीम ने स्कूलों के रिकॉर्ड की बारीकी से जांच की और लगभग 10 वर्ष पुराना रिकॉर्ड खंगाला। सीबीआई निरीक्षक सुखविंद्र सिंह ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पिचौपा कलां व राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाढड़ा स्कूल में पहुंचकर जांच की और दोपहर को टीम वापस लौटी। जांच के दौरान सीबीआई अधिकारियों ने विद्यार्थियों की संख्या, उपस्थिति रजिस्टर तथा मिड-डे मिल वितरण से संबंधित विवरणों का मिलान किया। बाढड़ा स्कूल में मुख्याध्यापक विजय कुमार सहित सभी स्टाफ सदस्यों से पूछताछ की तथा पिचौपा स्कूल में लगभग स्कूली बच्चों से पूछताछ की। स्कूल प्रभारी व स्टाफ सदस्यों से भी पूछताछ की। स्कूल के मिड डे मिल रिकॉर्ड को भी देखा। प्रदेश भर के स्कूलों में दर्ज विद्यार्थियों की संख्या और वास्तविक उपस्थिति में भारी अंतर पाया गया था, जिसकी जांच पूरे प्रदेश में सीबीआई कर रही है। इस कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों और कर्मचारियों से टीम ने कई सवाल पूछे तथा आवश्यक दस्तावेज लिए जाने की भी जानकारी सामने आई है।

परीक्षा देने के बावजूद रिजल्ट में अनुपस्थित दिखाना विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ : मनजीत

# एनएसयूआई ने रिजल्ट व डीएमसी की गलतियों को लेकर किया प्रदर्शन

- सीबीएलयू के बीए द्वितीय सेमेस्टर के सोशलॉजी विषय में पूरे बैच की री-अपीयर आने पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** रिजल्ट और डीएमसी से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते एनएसयूआई के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में मंगलवार को एनएसयूआई भिवानी की टीम ने अनेक विद्यार्थियों के साथ मिलकर जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। लंबे समय से चल रही रिजल्ट और डीएमसी से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के रिजल्ट ब्रांच इंचार्ज को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान छात्रों में भारी रोष देखने को मिला। ज्ञापन के माध्यम से एनएसयूआई ने मांग उठाई कि रिजल्ट में एमडब्ल्यू और एसेसमेंट नंबरों की गलतियां, बीए द्वितीय सेमेस्टर में सोशलॉजी विषय में पूरे बैच को रि-अपीयर मिलना, छात्रों को डिजीलॉकर पर डीएमसी उपलब्ध न होना जैसी समस्याएं उठाई तथा तत्काल प्रभाव से समाधान की मांग की। इसके अलावा विश्वविद्यालय में स्थायी हेल्प डेस्क की मांग भी की ताकि छात्रों की समस्याएं तत्काल सुनीं जा सकें। एनएसयूआई अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने कहा कि परीक्षा देने के बावजूद भी रिजल्ट में उन्हें अनुपस्थित दिखाना विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

विवि प्रशासन एक हफ्ते के भीतर सभी गलतियां ठीक करें, अन्यथा एनएसयूआई बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि बार-बार समस्याओं से अवगत करवाने व चेतावनी देने के बावजूद सीबीएलयू प्रशासन लगातार गलतियां कर रहा है, जो सीधे रूप से विद्यार्थियों के भविष्य पर नकारात्मक असर डाल रही है।

### स्थायी हेल्प डेस्क बनाने की मांग

नएसयूआई छात्र नेता सुमित बराड़ ने कहा कि बीए द्वितीय सेमेस्टर के सोशलॉजी विषय में पूरे बैच को री-अपीयर मिलना गंभीर लापरवाही है, ये चेकिंग में गड़बड़ी हो सकती है या फिर तकनीकी खामी। विश्वविद्यालय तुरंत सभी डीएमसी को औपचारिक रूप से डिजीलॉकर पर उपलब्ध करवाए और स्थायी हेल्प डेस्क स्थापित करें। इस अवसर पर रवि, युवराज बराड़, मुनेश, मोहित, आशीष, जयसिंह, पूजा, मनीषा, कविता, सविता, रविदास, रविना, कोमल, अंजली, दीपिका, मीनाक्षी, रवि, सूरज, मोनू, प्रिया व समीर आदि मौजूद रहे।

**सफलता** ईश महता ने हरियाणा स्टेट बेंच प्रेस चैंपियनशिप में दिखाया दमखम

कठोर परिश्रम के बीच सपनों को जिंदा रखने की अदम्य इच्छाशक्ति बनी ईश की उपलब्धि : कोच

# पिता की रेहड़ी पर चाय बनाने वाले ईश महता ने स्टेट बेंच प्रेस चैंपियनशिप में जीता ब्रांज मेडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** पदक विजेता ईश महता। फोटो : हरिभूमि

सपनों में जान हो तो उन्हें पाने की राह जरूर मिलती है। कृष्णा कॉलोनी निवासी चाय की रेहड़ी पर अपने पिता का हाथ बंटाने वाले ईश महता ने भी ऐसा ही कारनामा कर दिखाया है। ईश 15 से 16 नवंबर को बहादुरगढ़ में आयोजित हरियाणा स्टेट बेंच प्रेस चैंपियनशिप में प्रतिभागिता की और 83 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीतकर पूरे जिले का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। बता दें कि ईश महता रोज सुबह और शाम कॉलोनी स्थित जिम में कोच दर्शन की देखरेख में कठिन अभ्यास करते हैं। ईश का आर्थिक चुनौतियों और रेहड़ी पर काम के बोझ के बावजूद उनका खेल के प्रति समर्पण कभी कम नहीं हुआ। दिन में चाय बेचने और रात में वजन उठाने का ये संघर्ष ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बना। जिम कोच दर्शन का कहना है कि ईश हर दिन अपनी सीमाओं को तोड़ता है, वह मेहनत, अनुशासन और जज्बे की मिसाल है। ईश की ये जीत सिर्फ एक पदक नहीं, बल्कि उस अदम्य इच्छाशक्ति का प्रतीक है जो रोजाना की भागदौड़ और कठोर परिश्रम के बीच भी अपने सपनों को जिंदा रखती है। उन्होंने कहा कि ईश ने चाय की रेहड़ी और अभ्यास के बीच संतुलन बनाकर उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा कि जब भी मौका मिलता है वे सीधे जिम पहुंचते हैं।

### वर्ल्ड बॉक्सिंग कप के फाइनल में नुपूर



**भिवानी।** नोएडा में चल रहे वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में 80 अधिकतम भारवर्ग में महिला मुक्केबाज नुपूर श्योराण ने यूक्रेन की खिलाड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। नुपूर श्योराण का फाइनल मुकाबला 20 नवम्बर को होगा। कैप्टन हवासिंह बॉक्सिंग अकादमी के महासचिव प्रीतम दलाल ने बताया कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि बॉक्सर नुपूर श्योराण का ये प्रदर्शन जारी रहेगा और वे अंतिम मुकाबले में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करेंगी। नुपूर श्योराण के पिता भीम अवॉर्डी कोच संजय श्योराण ने बताया कि वर्ष 2025 में वर्ल्ड चैंपियनशिप में रजत पदक, वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था और अब रविवार को होने वाले निर्णायक मुकाबले पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। उन्हें पूरा विश्वास हैं कि नुपूर का खेल प्रदर्शन यही जारी रहेगा और वह गोल्ड जीतकर लौटेगी।



**बवानी खेड़ा।** बलियाली में मेडिकल स्टोर पर जांच करती स्वास्थ्य विभाग व सीएम फ्लाइंग की टीम। फोटो : हरिभूमि

### बलियाली में स्वास्थ्य विभाग व सीएम फ्लाइंग ने की छापेमारी

**बवानीखेड़ा।** क्षेत्र के आदर्श ग्राम बलियाली में मंगलवार को सीएम फ्लाइंग ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया। टीम बलियाली रामूपुरा के बस स्टैंड स्थित मेडिकल स्टोर पर पहुंची और दुकान में मौजूद सभी दवाइयों की बारीकी से जांच की। कार्रवाई के दौरान टीम ने स्टॉक रजिस्टर, खरीद बिल और विभिन्न दवाइयों के रिकॉर्ड की भी पड़ताल की। जांच के दौरान अधिकारियों ने कई दवाइयों के बिल मांगे, लेकिन कुछ दवाइयों के दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाए जा सके। टीम ने मेडिकल स्टोर संचालक को नोटिस जारी कर आवश्यक बिल व दस्तावेज निर्धारित समय में उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि बिना बिल की दवाइयों पर कार्रवाई तय मानी जाएगी। पूरी छानबीन के दौरान टीम को किसी भी प्रकार की नशीली या प्रतिबंधित दवाई नहीं मिली, जिससे मेडिकल स्टोर को फिलहाल बड़ी कार्रवाई से राहत मिल गई। छापेमारी के दौरान सीआईडी विभाग से डीआई विश्वजीत, डॉ. राहुल, जिला ड्रग्स कंट्रोलर सुरेंद्र कुमार, मनमोहन सिंह सहित स्वास्थ्य व प्रशासनिक विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे।



# पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने निकले रणवीर, माधवन ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें रणवीर के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे धुरंधर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में अर्जुन रामपाल नजर आते हैं। संवाद सुनाई देते हैं, '1971 की जंग के बाद पाकिस्तान में बड़ा उदास सा माहौल था। ट्रेलर में फिर एंट्री होती है रणवीर सिंह और आर.माधवन की, जो पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने की रणनीति बनाते हैं। वहां से आतंकवाद का खात्मा करने की बात करते हैं। रणवीर मिशन पर निकले हैं। माधवन उनसे कहते हैं, 'सर, मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है। वह भारत के खिलाफ अगर नींद में भी सोचे तो उसके ख्वाब में भी हम भारत में बैठे नजर आने चाहिए'।

लाइफ Style

# सारा

## देइवा थिरुमगल ने दिलाई पहचान



2005 में जन्मी सारा अर्जुन एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं और चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम की शुरुआत कर चुकी हैं। वह सिर्फ 1 साल की थीं जब वह अपने माता-पिता के साथ एक मॉल गई थीं। एक ऐड फिल्म मेकर की नजर पड़ी और उन्हें उनका पहला कमर्शियल मिल गया। उन्हें 2011 की तमिल फिल्म देइवा थिरुमगल ने खूब पहचान दिलाई।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


सारा अर्जुन विक्रम की बेटी का किरदार निभाया था। इन सालों में वह एक थी डायन, सैवम और सांड की आंख में नजर आईं। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डायरेक्टर आदित्य धर की इस फिल्म ने फाइनली अपनी एक दमदार झलक पेश की और सोशल मीडिया पर सेंसेशन क्रिएट की। सोशल मीडिया पर फिल्म के एक्शन, डायलॉग से लेकर लुक्स तक की चर्चा हो रही है। इस बीच रणवीर सिंह और सारा अर्जुन की जोड़ी की भी बातें हैं। सारा जो कि 20 साल की हैं पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस पर्दे पर आ रही हैं और वो भी सीधे रणवीर सिंह के साथ। रणवीर बड़े स्टार होने के साथ साथ उम्र में भी सारा से बड़े हैं। रणवीर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सारा और अपने एज डिफ्रेंस और उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने सारा अर्जुन की तारीफ करते हुए कहा, मैं बहुत लकी हूं कि तुम्हारी इस स्पेशल मोमेंट का हिस्सा हूं, सारा अपने काम में बहुत माहिर हैं। आपको धीरे-धीरे पता चल जाएगा। कभी डकोटा फैनिंग हॉलीवुड में आईं। आज सारा इस बात को साबित करती हैं कि इस पोजीशन तक पहुंचने के लिए आपको कई हजार कैंडिडेट्स को पीछे छोड़ना पड़ता है।

हॉलीवुड मसाला



# टॉम क्रूज ने जीता अपना पहला ऑस्कर

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को 'गवर्नर्स अवार्ड्स' में अपना पहला ऑस्कर मिला। 16 नवंबर को हॉलीवुड के रे डॉल्बी बॉलरूम में कोरियोग्राफर और एक्टर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी इस स्टार-स्टडेड समारोह में सम्मानित किया गया। एक्टर को मिशन इम्पॉसिबल सीरीज और टॉप गन फ्रेंचाइजी जैसी बड़ी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। एक्टर को वो अवॉर्ड फिल्म निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारिटु ने दिया अवॉर्ड लेते वक्त 63 वर्ष के एक्टर टॉम क्रूज ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने फिल्मों को संभव बनाया। एक्टर ने अपने भाषण में कहा, 'सिनेमा मुझे दुनिया भर में ले जाता है।





# अकादमी अवॉर्ड्स के लिए जा रही 'ह्यूमन्स इन द लूप'

**लॉस एंजिल्स।** 'ह्यूमन्स इन द लूप' झारखंड की रहनेवाली एक आदिवासी महिला नेहमा की कहानी है। उसके ढुकू विवाह और एआई के युग में उसकी परेशानियों को लेकर है। अरण्य सहाय के डायरेक्शन में बनी फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है। इसे फिल्म इंडिपेंडेंट स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट से सम्मानित किया गया है, क्योंकि यह फिल्म अकादमी अवॉर्ड्स के लिए जा रही है। फिल्म इंडिपेंडेंट और अल्फ्रेड पी. स्लोन फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट, उन फिल्मों को मिलता है, जो विज्ञान या टेक्नोलॉजी के विषयों या किरदारों से जुड़ी होती हैं। अमेरिका में सिनेमाघरों में रिलीज होने और दूसरे अन्य मानदंडों को पूरा करने के बाद, यह फिल्म आधिकारिक तौर पर 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए जा रही है, जहां यह बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले कैटेगरी में टक्कर देगी।



# बड़े मियां छोटे मियां ने फ्लॉन्ट किए सिक्स-पैक एब्स

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरफिट जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों मुंबई के जुहू बीच पर शर्टलेस नजर आए। दोनों समंदर में जमकर मस्ती करते दिखे और अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट की। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। अक्षय कुमार ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडिया में अक्षय के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय और टाइगर के अलावा कई लोग समंदर में वॉक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय ने मजेदार कैप्शन लिखा 'ओशन्स 9 जुहू बीच एडिशन'। इस वीडियो में दोनों की परफेक्ट सिक्स-पैक एब्स देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। 58 साल की उम्र में अक्षय कुमार की शानदार फिटनेस देखकर फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पाए।



# एनबीके 111 से सामने आया नयनतारा का शाही लुक

**मुंबई।** साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'एनबीके 111' में नजर आएंगी। फिल्म से नयनतारा का खास लुक शेयर किया गया, जिसमें वह शाही लुक में नजर आईं। कैप्शन में लिखा, 'वह रानी जो महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को वहन करती है।' एनबीके 111 का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। एनबीके111 के अलावा नयनतारा निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ मेगास्टार चिरंजीवी नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा नयनतारा साउथ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।

टीवी मसाला

# विशाल 25 साल की कोशिश के बाद पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति में

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। बीते एक एपिसोड में जहां 'फैमिली मैन 3' की कास्ट मनोज बाजपेयी, जयदीप अहलावत और शरीब हाश्मी आए थे। वहीं, अब 'इंडियन आइडल' के जज विशाल ददलानी भी बतौर गेस्ट शो में पहुंचे हैं और वहां से फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर जानकारी दी है।



बताया कि उनका 25 साल पुराना सपना सच हो गया। विशाल ददलानी अब अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की हॉट सीट पर बैठेंगे। विशाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि केबीसी में आना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। गायक ने उस समय के बारे में याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शो में आने के लिए मैसेज भेजे थे। विशाल ने लिखा, 'यह 25 साल पुराना सपना सच हो गया। मैं हमेशा से कौन बनेगा करोड़पति में आना चाहता था। सिंगर ने केबीसी में पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं मैसेज भेजता था, टीवी पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट गेम खेलता था और पूरी कोशिश करता था। और, फाइनली मैं पहुंच ही गया।' विशाल ने सोनी टीवी को उन्हें हॉट सीट पर भेजने के लिए थैंक यू कहा। साथ ही अमिताभ बच्चन को भी शुक्रिया बोला। जैसे ही विशाल और अमिताभ बच्चन की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई, लोगों के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए। फराह खान ने लिखा, 'उम्मीद करती हूं कि तुमने कुछ पैसे भी जीते होगे।' इस पर विशाल ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मुझे लगता है कि ये पैसे ऐसे उद्देश्य के लिए हैं, जिसे आप एक्सेप्ट करेंगी फरहा।' वहीं, बाकियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि दो दिग्गज को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।

## अनुपमा में आएगा लीप? एक्ट्रेस बनेगी तोषू-पाखी की मां

नई दिल्ली। टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो मेकर्स ने जारी कर दिया है। अनुपमा को उसके डांस ने मुंबई में कामयाबी दिलाई और उसकी कुकिंग ने विदेश में सक्सेस दिलवाई, लेकिन अब बारी आई है



उसके एक और टैलेंट को दुनिया के सामने आने की। टीआरपी टॉपर सीरियल ने फिर एक बार रफ्तार पकड़ी है और अनुपमा अपनी पोतियों को लेकर मुंबई आ चुकी है। लेकिन, नया प्रोमो वीडियो हिंट दे रहा है कि अनुपमा अब एक्ट्रेस बनने की तरफ बढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा फिल्म सिटी में शूटिंग देखने जाएगी और यहां पर एक डायरेक्टर उससे कहेगा, 'अब से यही आपकी नई दुनिया है अनुपमा जी।' माना जा रहा है कि अनुपमा को उसका डांस कामयाबी दिलाएगा और एक्टिंग के मामले में भी वो झंडे गाढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो के बैकग्राउंड में अनुपमा कहती है, 'यह मुंबई नगरी है। सपनों की नगरी, मेरे सपने पूरे करने का वक्त आ गया है।' प्रोमो के बैकग्राउंड में बताया गया है- फिल्मी दुनिया में अनुपमा का क्या काम? कमेंट सेक्शन में लोगों ने कयास लगाए हैं कि कहानी में आगे उन्हें कौन से ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल सकते हैं।

# 25 थिएटर में रिलीज और कमाई 3858 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म देखने का अपना अलग मजा है। हॉरर फिल्में सस्पेंस और डर से भरी होती हैं। कुछ हॉरर फिल्में तो ऐसी हैं, जिन्हें अकेले देखने में पसीने छूट जाते हैं। अगर गलती से कोई हॉरर फिल्म रात में देख ली तो वॉशरूम जाना भारी पड़ जाता है और डर के मारे नींद नहीं आती, वो अलग। अब हॉरर फिल्मों में कॉमेडी मसाला एड किया जा रहा है, जिससे फिल्म के हॉरर सीन पर कम और कॉमेडी पर ज्यादा ध्यान जा रहा है। लेकिन, पहले की हॉरर फिल्में सिर्फ और सिर्फ डरावनी हुआ करती थीं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस हॉरर फिल्म के बारे में, जिसे आप गलती से भी अकेले में मत देख लेना. क्योंकि यह गूगल पर यह सबसे डरावनी फिल्म है।

इस फिल्म को देखने के बाद महीनों तक कांपी लोगों की रूह



### दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म

*बॉलीवुड में बीते साल स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों ने एंटरटेन किया था, लेकिन जिस फिल्म के बारे में हम बता रहे हैं वो आज से 51 साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज भी दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म कहा जाता है। गूगल पर सबसे डरावनी फिल्म सर्च करने पर इस फिल्म का ही नाम आता है। इस फिल्म को एक तरह से शापित भी माना गया है। साल 1973 में रिलीज हुई मोस्ट हॉरर फिल्म का नाम 'द एक्सॉर्सिस्ट' है, जो कई देशों में बैन हुई थी। यह हॉरर फिल्म विलियम पीटर के उपन्यास पर बेस्ड है। कहा जाता है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई लोगों को सदमा तक लगा गया था। ऐसे में यह फिल्म आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में बैन हो गई थी।*

### कहानी में है एक मासूम बच्ची

हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' की कहानी बेहद खौफनाक है। फिल्म की कहानी में एक मासूम बच्ची है, जिस पर एक बुरी आत्मा कब्जा कर लेती है। इस बच्ची की मां एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बेटी की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान हो जाती है। एक्ट्रेस मां अपनी बच्ची को पादरी को दिखाती है और बच्ची पर चढ़े भूत का असर खत्म करवाती है। इस फिल्म का एक-एक सीन रुह कंपा देने वाला है।

# अर्पिता ने शेयर कीं सलीम-सलमा की वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड तस्वीरें

**मुंबई।** सलमान खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान (सुशीला चरक) की शादी को 61 साल हो गए हैं। बीती रात परिवार में भव्य अंदाज में दोनों की शादी की सालगिरह मनाई गई। इसी दिन घर की छोटी बेटी अर्पिता खान और आयुष शर्मा की भी वेडिंग एनिवर्सरी होती है। फंक्शन में दोनों जोड़े ने अपनी लाइफ का यह खूबसूरत लम्हा सेलिब्रेट किया, जिसमें पूरा खान परिवार शामिल रहा। अर्पिता खान की शादी एक्टर आयुष शर्मा के साथ हुई है। दोनों साल 2014 में शादी के बंधन में बंधे। कल सलीम और सलमा खान की वेडिंग एनिवर्सरी के साथ-साथ अर्पिता और आयुष की एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट की गई।



### तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स

फंक्शन में दो केक काटे गए। एक सलीम खान और सलमा ने काटा और दूसरा केक अर्पिता खान व आयुष शर्मा ने काटा। अर्पिता खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स- सलमान खान, सोहेल खान, अरबाज खान नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सलमान की बहन अलवीरा का परिवार देखा जा सकता है। कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के लोग भी जश्न में शामिल रहे। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पहुंचीं। फंक्शन में अर्पिता और सोहेल के साथ उन्होंने क्वालिटी टाइम बिताया। सलीम खान और सुशीला चरक की शादी 18 नवंबर 1964 को हुई। वहीं, आयुष शर्मा और अर्पिता खान शर्मा ने 18 नवंबर 2014 को शादी रचाई।

## अच्छे अभिनय और मेहनत से मिलती है कामयाबी

# पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री पर छाईं ये अभिनेत्रियां; आज भी दर्शक हैं दीवाने

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो डेब्यू फिल्म से ही इंडस्ट्री पर छा गईं। इनमें से कई ऐसी एक्ट्रेसेस भी हैं जो फिल्मी दुनिया के बैकग्राउंड से नहीं आती हैं हालांकि उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। इन लोगों ने साबित किया कि अच्छे अभिनय और मेहनत से कामयाबी मिलती है।



### दीपिका

दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके भाव और अभिनय ने लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। फिल्म में वह ग्लैमरस और मासूम दिखीं। इस फिल्म के बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं।

### भूमिका

भूमिका चावला उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो रातों-रात स्टार बन गईं। वह साल 2003 में फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय और भाव ने दर्शकों को मदहोश कर दिया। पहली फिल्म से उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि वह एक अनुभवी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।





### प्रीति

1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उनके अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी के हिसाब से उन्होंने जो अभिनय किया वह अपने आप में मिसाल है। इस फिल्म के बाद प्रीति जिंटा, शाहरुख खान के साथ 'वीर जारा' और 'कल हो ना हो' में नजर आईं।



### अनुष्का

शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' (2008) से अनुष्का शर्मा ने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना कायल बना लिया। वह किसी भी फिल्मी परिवार से नहीं आती हैं लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपने अभिनय के बल अपनी जगह बनाई।

### ग्रेसी

आमिर खान की चर्चित फिल्म 'लगान' (2001) से ग्रेसी सिंह ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने बहुत ही सधी हुई अदाकारी की। इसमें उनके पारंपरिक लुक और उनकी मुस्कान की दर्शकों ने खूब तारीफ की। उन्होंने साबित किया कि अच्छी अदाकारी करने वाले



**खबर संक्षेप**



## राजीव इंडियन रोड कांग्रेस के उपाध्यक्ष मनोनीत

**रेवाड़ी।** लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर राजीव यादव को इंडियन रोड कांग्रेस का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस पद पर उनका कार्यकाल दो साल तक रहेगा, जिसके तहत वह राष्टीय स्तर पर सड़कों की दशा बदलने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मॉडल टाउन निवासी राजीव यादव जिले से पहले ऐसे इंजीनियर हैं, जिन्हें इंडियन रोड कांग्रेस में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। शहर के किसी इंजीनियर को पहली बार रोड कांग्रेस में उपाध्यक्ष का पद मिला है। उनका मनोनयन वर्ष 2027 तक के लिए किया गया है। शहर के प्रबुद्ध लोगों डा. रघुबीर यादव, अविनाश यादव व कई अन्य ने इस उपलब्धि पर राजीव यादव को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है। सामाजिक संगठनों ने भी उनके मनोनयन पर खुशी जताई है।

## वोट चोरी पर कांग्रेस का प्रदर्शन 22 को

**रेवाड़ी।** आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के फैसले अनुसार पूरे भारत में जिला स्तर पर वोट चोर गद्दी छोड़ नारों के साथ प्रदर्शन कर 22 नवंबर को सुबह 11 बजे डीसी को ज्ञापन दिया जाएगा। कांग्रेस कमेटी के एससी डिपार्टमेंट के जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार ने बताया कि इस प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद, सह-प्रभारी जितेन्द्र भगेल, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह व रोहतक से सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा शिरकत करेंगे। रमेश ठेकेदार ने जिला के सभी कांग्रेसी नेताओं व कार्यकतार्ओं से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में कोर्ट के समीप राजीव गांधी चौक पर पहुंच कर प्रदर्शन को सफल बनाएं।

## समाज कल्याण एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जागरुकता कार्यक्रम

# विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की दिलाई सामूहिक शपथ

जनता महाविद्यालय में नशीली दवाओं के खिलाफ आगे आए विद्यार्थी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी**

उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल के कुशल मार्गदर्शन में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज कल्याण एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा पांचवी वर्षगांठ के अवसर पर जनता महाविद्यालय में नशीली दवाओं के खिलाफ सामूहिक शपथ दिलाई । महाविद्यालय में चल रहे यूथ रेडक्रास विद्यार्थी प्रशिक्षण शिविर के दौरान इंटरनेट, सोशल मीडिया एवं नशा मुक्ति बारे जानकारी प्रदान की, जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

भारतीय रेडक्रास सोसायटी एक मानवतावादी संगठन है जो स्वास्थ्य, सेवा और मित्रता का सिद्धांत लेकर आगे बढ़ता है। हमें हमेशा जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की मदद के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रोशनलाल ने बताया कि केंद्र सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूरा होने पर स्वयंसेवकों एवं स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई ताकि वे नशा नहीं करें और दूसरों को भी नशा करने से रोकेंगे। कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है क्योंकि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि समाज, परिवार और युवाओं के भविष्य को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। यह अभियान युवाओं को सही दिशा देने, अपराध और दुर्घटनाओं को रोकने, समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि हर वॉलिंटियर अपने आसपास नशा करने वाले एक व्यक्ति का भी नशा छुड़वाने में सफल होते हैं तो ऐसे कार्यक्रम सार्थक होते हैं। इस दौरान डॉ. सुरेन्द्र सिंह, हेमलता बंसल, डॉ. गरिमा श्योराण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।



चरखी दादरी के जनता महाविद्यालय में नशा मुक्ति की शपथ लेते विद्यार्थी।



राजकीय महिला कॉलेज में एसडीएम मनोज दलाल का अभिनंदन करते प्राचार्य।

## नशे को रोकने के लिए जागरुकता जरूरी

■ राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम में पहुंचे एसडीएम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा**

लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि नशा युवाओं को खोखला ही नहीं कर रहा, बल्कि समाज व उसके घर व गांव की खुशियों को भी निगल रहा है। आज ग्रामीण क्षेत्र की युवा पीढ़ी इसका सबसे अधिक प्रयोग कर रही है जो पूरी तरह गलत कदम है और हम सबको मिलकर इसके बढ़ते प्रभाव को खत्म करने के लिए जागरुकता अपनानी होगी, ये बात उन्होंने राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता व प्रभारी प्रोफेसर आनंद कुमार के नेतृत्व में आयोजित नशामुक्ति जागरुकता कार्यक्रम में कही।

प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने छात्राओं को मोबाइल एवं अन्य नशों से दूर रहने का संदेश दिया तथा अपने कीमती समय का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उप-मंडल अधिकारी नागरिक लोहारू मनोज दलाल ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि सभी को नशे से दूर रहने और समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने का संकल्प लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा मुक्ति अभियान का उद्देश्य समाज को स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक बनाना है। अंत में समापन सामूहिक शपथ लेकर हुआ।

# श्रमिक सुरक्षा योजनाओं की मजदूरों को दी जानकारी



रेवाड़ी। श्रमिकों को कानूनी जानकारी देते हुए निशा रानी।

■ हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार को लेबर चौक धारूहेड़ा पर श्रमिक सुरक्षा अभियान के तहत श्रमिकों के लिए जागरूकता कैंप लगाया गया। इसमें श्रमिकों को उनके अधिकार, कानून एवं विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

एडवोकेट निशा रानी व पैरा लीगल वॉलिंटियर रमेश वशिष्ठ ने कैंप में बाल मजदूरी, बंधुआ मजदूरी, कार्यस्थल पर कर्मचारियों का उत्पीड़न, श्रमिक कानून, श्रमिक अधिकार तथा श्रमिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसके अलावा उन्होंने श्रमिकों को दुर्घटना और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से सुरक्षा प्रदान करना, श्रमिकों को शिक्षा, विवाह और अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए सहायता देना एवं श्रमिकों के अधिकारों और सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

एडवोकेट निशा रानी ने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा आमजन के लिए चलाए गए टोल फ्री नंबर 15100 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 01274-220062 चलाया हुआ है, जिस पर आम जन हर तरह की कानूनी जानकारी ले सकते हैं।

## सत्यवान बने कर्मचारी महासंघ के ब्लॉक प्रधान

**बाढड़ा।** बाढड़ा में हरियाणा कर्मचारी महासंघ ब्लॉक बाढड़ा की बैठक बिजल निगम प्रांगण में हुई, जिसमें सभी विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्ष पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार सांगवान ने की। बैठक में ब्लॉक स्तरिय कमेटी का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। बैठक में वरिष्ठ सदस्य राजकुमार सांगवान, जगमेंदर सिंह छिलर, कृष्ण, अनिल फोगाट प्रधान यूनिट दादरी व नवरत्न शर्मा की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। बैठक में संगठन की गतिविधियों, कर्मचारियों की समस्याओं, तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी सदस्यों की राय लेते हुए पदाधिकारियों का चयन किया, जिसमें ब्लॉक प्रधान सत्यवान गुडाना, वरिष्ठ उपप्रधान धर्मवीर फौजी, उपप्रधान दीपक, सचिव राकेश, खजांची सुमित कादमा, प्रेस सचिव युगवीर सिंह रांगी को चुनाव किया।

# बिहार में भाजपा वोटों की चोरी तक सीमित नहीं, बल्कि डाका डाला : दलीप




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

एसआईआर, ईवीएम एवं वोट चोरी के अन्य अनेक हथकड़ों को अपनाते हुए बिहार में भाजपा सिर्फ वोटों की चोरी तक सीमित नहीं रही, बल्कि वोटों पर डाका डाला है।

यह बात संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने 'वोट अधिकार जनचेतना प्रदर्शन' के दौरान कही। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने उपस्थित आमजन के साथ विचार साझा करते हुए बताया कि नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा उठाई गई 'वोट अधिकार' की आवाज के अनुरूप एवं देश में चोरी होते वोटों बाबत जनचेतना के लिए भगत सिंह चौक पर 22 अगस्त से शुरू किया प्रदर्शन निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार एवं चुनाव आयोग की मिलीभगत से एसआईआर, ईवीएम एवं वोट चोरी के अन्य अनेक हथकंडे अपनाए जा रहे हैं और चुनाव को चोरी किया जा रहा है, जिसका ताजा तरीन उदाहरण बिहार विधानसभा का चुनाव है। इस अवसर पर महावीर घनघस, हरपाल, उमेद सिंह एवं सोमवीर आदि उपस्थित रहे।

# मोबाइल के नुकसान के बारे में छात्रों को किया जागरूक




चरखी दादरी। मोबाइल का आवश्यक उपयोग छोड़ने की शपथ लेते विद्यार्थी।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी**

एचडी विद्यालय बिरोहड़ के संस्कार सभागार में बाल विवाह एवं मोबाइल पर प्रतिबंध पर सीजेएम विशाल, विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर की और से एक सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में सैंकड़ों बच्चों ने भाग लिया। बतौर मुख्य वक्ता सन्दीप जांगड़ा ने बच्चों को विस्तारपूर्वक और सरल तरीके से मोबाइल से होने वाले नुकसान, खतरनाक बीमारी व बाल विवाह को कानूनी अपराध बतलाते हुए पीपीटी के माध्यम से दिखाया एवं समझाया।

उपस्थित सैकड़ों बच्चों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम सीजेएम सर का आभार व्यक्त करते हैं और शपथ लेते हैं कि हम मोबाइल का कम इस्तेमाल करेंगे। बाल विवाह का विरोध करके इस सामाजिक बुराई को जड़ से उखाड़ने में सहयोग देंगे। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने अपने संबोधन में कहा कि मोबाइल की लत, नशा एक चिन्ता का विषय है।

इसमें अभिभावक का सहयोग होना बहुत अनिवार्य है। उन्होने ''बाल-विवाह'' को समाज के माथे पर कलंक, दण्डनीय अपराध बतलाते हुए कहा कि बाल विवाह न केवल बच्चों के बचपन को छीन लेता है बल्कि, उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर भी गंभीर एवं खतरनाक प्रभाव डालता है। इस पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरुकता रैली में विद्यार्थियों ने लगाए नारे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़**

जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा के दिशानिर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई। शपथग्रहण का संचालन महाविद्यालय के एंटी ड्रग्स सेल के प्रभारी प्रो. जितेन्द्र कुमार वशिष्ठ ने किया। उन्होंने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं में नशामुक्त जीवन की आवश्यकता पर जोर दिया।

रैली को कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. विजय यादव, एंटी ड्रग्स सेल के प्रभारी प्रो. जितेन्द्र कुमार वशिष्ठ, सह प्रभारी डॉ. विकास गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विद्यार्थियों ने नशा छोड़ो, जीवन संवारो, युवा बनेगा जब नशा मुक्त तभी होगा देश सुरक्षित जैसे प्रभावशाली नारे लगाते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों का यह दायित्व है कि वे युवाओं को स्वस्थ, सकारात्मक व सार्थक जीवन की ओर प्रेरित करें। उन्होंने एंटी ड्रग्स सेल के प्रभारी प्रो. जितेन्द्र कुमार वशिष्ठ व संपूर्ण संयोजक टीम के प्रयासों की सराहना की। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः महाविद्यालय पहुंची। इस मौके पर कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. विजय यादव, एनसीसी प्रभारी प्रो. डॉ. कैप्टन शमशेर सिंह, डॉ. नीतू शर्मा, प्रो. हीरा सिंह, डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. मुकेश कुमारी, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. संदीप कुमारी, डॉ. मंजू कुमारी, डॉ. अमिता कुमारी, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. विजया बाई, डॉ. पिंकी, डॉ. कुसुमलता, डॉ. रितु रानी, डॉ. रिनू यादव, डॉ. अंजू कुमारी, डॉ. अनुप कुमारी, डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. अश्विनी कुमार, दीपक कुमार, प्रद्युमन सिंह, डॉ. अरुण भारत, विनोद कुमार, ईश्वर यादव, राकेश कुमार, सुमन बाला, विजयपाल, मुकेश कुमार, रमेश, करण सिंह, अजय, बबील कुमारी, नंदिनी आदि मौजूद थे।




महेंद्रगढ़। जागरुकता रैली निकालते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## कृष्णनगर कॉलेज में नशे के खिलाफ शपथ

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर में मंगलवार नशा मुक्त भारत अभियान की 5वी जयंती मनाई गई। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर सुमन यादव ने की। इस कार्यक्रम में सबसे पहले विद्यार्थियों ने नशा मुक्त भारत अभियान पर एक निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में सुषमा बीए तृतीय वर्ष प्रथम स्थान पर एवं द्वितीय स्थान पर ऋतिक बीए प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान कीर्ति बीए प्रथम वर्ष रही। प्राचार्य डॉक्टर सुमन यादव ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक दुष्परिणामों के बारे में बताया। इसके बाद रेड क्रॉस एवं रेड रिबन प्रभारी सुभाष जोली ने भी विद्यार्थियों को नशे से होने वाले परिणाम के बारे में संक्षिप्त में बताया। सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने नशा न करने की शपथ ग्रहण की। इस मौके पर कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर नरेश कुमार, डॉक्टर चंद्रपाल यादव, डॉ सुशील यादव, सोमदत्त, डॉ सुनील यादव, अमित कुमार एवं डॉक्टर सोनू उपस्थित रहे।

**हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम**

**बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग) (101 से 150)**

❖ अजय पुत्र श्री शिव शंकर निवासी ओल्ड बस स्टैंड, भिवानी ❖ सुनीता देवी धर्मपत्नी श्री प्रदीप कुमार, मयूर विहार, गली नं. 6, सोनीपत ❖ अमित सुपुत्र श्री जयभगवान जुलाना, जीन्द ❖ साहिल सुपुत्र श्री राजबीर जुलाना जीन्द ❖ साहिल पाराशर सुपुत्र श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ खुशबू पुत्री श्री सोमबीर सिंह निवासी गांव तिगराणा, जिला भिवानी ❖ जयनारायण पुत्र श्री परसराम सुमार निवासी गांव बीरण, जिला भिवानी ❖ रणधीर सिंह पुत्र श्री खेमचन्द, निवासी गांव रोहद, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सचिन कुमार पुत्र श्री सुरेश कुमार निवासी वार्ड नं.15, गांव तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ दीपक पुत्र श्री विश्वनाथ निवासी मकान नं. 106, महम रोड़, नई बस्ती, भिवानी ❖ निधि मोशिम सुपुत्री श्री विजय पाल मौशिम रसूलपुर आजाद बिजनौर, सोनीपत ❖ उर्मिला देव धर्मपत्नी श्री राम स्वरूप, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सीमा धर्मपत्नी श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ, झज्जर ❖ कुलदीप सिंह सुपुत्र श्री बन्शी राम, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ विभव सुपुत्र श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ बिशन चन्द्र सुपुत्र स्व. श्री हजारी लाल, बहलवान छत्ते के पास, नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शंकर लाल भारद्वाज पुत्र श्री रामकुमार निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ श्री महाबीर सिंह सुपुत्र स्व. श्री रतन सिंह, वीपीओ बैयांपुर, सोनीपत ❖ सुभाष धर्मपत्नी श्री राकेश कुमार, 250/10D, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सोनीपत ❖ निशा सुपुत्री आनंद कुमार, म. नं. 530/4, नजदीक बाल विकास स्कूल, जमालपुरा, सोनीपत ❖ प्रवीण कुमार सुपुत्र श्री छोटे लाल, गांव बोचड़िया, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ झम्मन लाल सुपुत्र श्री गणपत सिंह, धनौन्दा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ श्रवण कुमार सिंघल पुत्र श्री देवकी नंदन, निवासी मकान नं.392 वार्ड नं.16, नवादा गली, जैन मंदिर, बहादुरगढ़ ❖ आजाद सिंह अहलावत पुत्र श्री कर्ण सिंह, मकान नं. 842, सेक्टर 2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ जीवेन्द्र पुत्र श्री गजानन्द निवासी गांव सुडना जिला महेन्द्रगढ़ ❖ ज्योति पत्नी श्री श्रीपाल, निवासी गांव कानौंदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पूजा पुत्री श्री मामन सिंह निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ चीकू पुत्री श्री ओमप्रकाश निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री ज्ञानीराम, गांव भराण पाना जिंदराण, महम, रोहतक ❖ सुनील यादव सुपुत्र श्री बलजीत सिंह, बेरी, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री हवा सिंह सुपुत्र श्री फूल सिंह, गांव बैंसी, तह. महम, जिला रोहतक ❖ तमन्ना पुत्री श्री मनोज कुमार निवासी गांव व डाकखाना तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ उदित पुत्र श्री बलजीत निवासी मकान नं. 302, बिजली बोर्ड कालोनी, भिवानी ❖ श्रीमति संतोषी पत्नी श्री जोगेंद्र, म. नं. 251, वार्ड 12, महम, रोहतक ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं. देवी दत्त निवासी मकान नं. 19/150, नई बस्ती, गली नं. 1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ रोहित पुत्र श्री जसवंत निवासी गांव मुकन्दपुर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पलक पुत्री श्री मोहित निवासी गांव डाबड़ा जिला हिसार ❖ गुणपाल सिंह पुत्र श्री ठाकुर सिंह निवासी वार्ड नं. 20, गवार फैक्टरी, भिवानी ❖ चरण सिंह भक्त पुत्र श्री धर्मबीर निवासी श्री जोतराम धाम, गांव बादल, जिला चरखी दादरी ❖ जगदीश वर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण निवासी 527, कोंट रोड़, गली नं.10, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री नमन सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, 167/25, गांधी नगर, रोहतक ❖ ज्योति रानी पत्नी श्री जय गोपाल निवासी नया भारत नगर, गोकुल एन्कलेव, भिवानी ❖ वीना रानी पत्नी श्री मनमोहन निवासी दादरी गेट, कोंट रोड, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री रणबीर सिंह सुपुत्र श्री अमीलाल, 1344/1, लाल बहादुर शास्त्री नगर, रोहतक ❖ श्रीमति साक्षी पत्नी श्री मनमोहन, गांव व डा. अजायब, तह. महम, रोहतक ❖ करतार सिंह पुत्र श्री निहाल सिंह निवासी गांव प्रेम नगर, जिला भिवानी ❖ सुनीता पत्नी श्री पवन निवासी डाबर कालोनी, भिवानी ❖ श्री जयबीर सिंह सुपुत्र रामधारी, सूर्य नगर, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्री चंद्र राम सुपुत्र श्री सुलतान सिंह, टैगोर कॉलोनी, माजरा।

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

**योजना** | डीसी ने की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा, दिए जरूरी निर्देश

# सोलर पैनल लगवाएं और बिजली बिल का खर्चा कम कर लाभ उठाएं : उपायुक्त

सबसे ज्यादा सोलर सिस्टम वाले गांवों को मॉडल सोलर गांव चुनेंगे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी**

डीसी साहिल गुप्ता ने बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना को अपनाकर अंत्योदय परिवार अपने घर को आसानी से रोशन कर सकते हैं। योजना के बारे में लोगों को जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें।

डीसी गुप्ता मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक में जरूरी निर्देश दे रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 फरवरी 2024 को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ किया था।

योजना के बारे में लोगों को जानकारी होनी जरूरी है। उन्होंने बिजली निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के बारे में विशेषकर कॉलेज व विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए। इसके लिए विशेष कार्यशाला-सेमिनार आयोजित किए जाएं। बैठक में बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद पूनिया ने बताया कि इस योजना के तहत पांच हजार से अधिक आबादी वाले गांवों में से सबसे ज्यादा सोलर सिस्टम अपनाने वाले गांवों को मॉडल सोलर गांव चुना जाएगा। इस स्पर्धा के लिए बिजली निगम द्वारा आवेदन प्रक्रिया करवाई गई थी। मॉडल सोलर गांव में सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपए की विशेष सहायता राशि दी जाएगी। इस योजना के लिए प्रतिस्पर्धा की अंतिम तारीख 26 नवंबर है, इसी दिन मॉडल सोलर गांव चुना जाएगा।



अधिकारियों को दिशा निर्देश देते डीसी साहिल गुप्ता।

## 12 हजार 637 ने किए ऑनलाइन आवेदन

बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद पूनिया ने बताया कि पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिला में अब तक 12 हजार 637 लोगों को ऑनलाइन आवेदन किए हैं, जिनको निगम द्वारा मौके पर जाकर चैक किया गया, जिनमें 12 हजार 622 सही पाए जाने पर स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि बिजली निगम द्वारा इस योजना के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान एडीसी दीपक बाबू लाल करवा, एसडीएम महेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## भिवानी में लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 7 व 8 को, 3168 करेंगे भागीदारी

# चांदवास खेल स्टेडियम में टीमें बहा रही पसीना, खंड के 352 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 7 व 8 दिसंबर से भिवानी के खेल स्टेडियम में होगा, जिनका शुभारंभ सांसद धर्मबीर सिंह करेंगे। दो दिवसीय स्पर्धा में भिवानी, चरखी दादरी व महेन्द्रगढ़ जिलों के अलग अलग खेलों के 3168 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभाएं प्रदर्शित करेंगे। चैंपियनशिप में भागीदारी करने वाले खिलाड़ी चयन के बाद से लगातार ग्रामीण खेल स्टेडियमों व खेल नर्सरियों में पसीना बहा रहे हैं। यह जा न का री सांसद खेल महोत्सव के लोकसभा को कॉर्डिनेटर एवं दी केन्द्रिय सहकारी बैंक चेयरमैन सुधीर चांदवास ने दी। बाढड़ा खंड से 352 खिलाड़ियों को चयन किया गया है।

■ खेल प्रतियोगिता के कोआर्डिनेटर ने आधा दर्जन खेल प्रशिक्षण केन्द्रों का दौरा किया

चांदवास ने बताया कि पीएम नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर सांसद धर्मबीर सिंह ने विधानसभा स्तर पर सबसे पहले खेल प्रतियोगिता पूरी कर इतिहास रचा है। भारत सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए देश भर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व एवं भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में युवाओं के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है।

इसमें बाढड़ा विधानसभा के चांदवास, तोशाम खेल स्टेडियम, अटेली विधानसभा के गांव दोगड़ा अहीर खेल स्टेडियम में, महेंद्रगढ़ विधानसभा के आरपीएस कॉलेज बलाना, नारनौल विधानसभा के नारनौल स्टेडियम व भिवानी विधानसभा के भीम स्टेडियम में सासंद खेल महोत्सव के तहत खेलों का आयोजन किया है। लोकसभा स्तर के फाइनल मुकाबले 7 व 8 दिसंबर से भिवानी के खेल स्टेडियम में होंगे, जिसका शुभारंभ सांसद धर्मबीर सिंह करेंगे। दो दिवसीय स्पर्धा में भिवानी, चरखी दादरी व महेन्द्रगढ़ जिलों के अलग-अलग खेलों के 3168 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करेंगे। लोकसभा स्तर के खेलों के लिए कोआर्डिनेटर ने आधा दर्जन खेल प्रशिक्षण केन्द्रों का दौरा किया। उनके साथ बीडीसी सुनील कुमार, रविंद्र कोच, प्रदीप कोच, कोच संजीत कुमार, ज्ञानेंद्र कोच, मास्टर ललित कुमार आदि मौजूद रहे।



तोशाम। अतिथियों के साथ आदर्श इंस्टीट्यूट कैरू के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### खेल महाकुंभ में आदर्श इंस्टीट्यूट कैरू के विद्यार्थियों ने झटके 183 मेडल

**तोशाम।** प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जिले में दो दिवसीय खेल महाकुंभ का आयोजन किया,जिसमें लगभग 52 स्कूलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल प्रशिक्षक अजीत सिंह व सत्यप्रकाश के नेतृत्व में आदर्श ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुट कैरू के खिलाड़ियों ने 183 मेडल प्राप्त कर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर इंस्टीट्यूट के चेयरमैन आरके बंगालिया ने खिलाड़ियों को विद्यालय पहुंचने पर सम्मानित किया। वहीं प्राचार्य एसएन पालीवाल ने बताया कि इंस्टिट्यूट की ओर से आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व आदर्श कांवेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, रेस आदि विभिन्न एथलेटिकस प्रतिस्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन दिखाया। आदर्श व मा विद्यालय कैरू की तरफ से लड़कों अंडर-11 खो-खो में आनन्द स्कूल फोर एक्सिलेंस मिलकपुर की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं लड़कियों की अंडर-11 टीम ने भी रोचक मुकाबला दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 व अंडर-19 के लड़कों व लड़कियों की टीम ने खो-खो प्रतिस्पर्धा में उपविजेता का खिताब जीता। लड़कों व लड़कियों के कबड्डी व क्रिकेट अंडर-19 मुकाबलों में भी उपविजेता का खिताब जीता। अंडर-19 लड़कियों की 200 मीटर रेस में डोली पुत्री अनिल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वही आदर्श कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैरू की ओर से अंडर-11, अंडर-14, अंडर-19, टीम खो-खो, कबड्डी टीम ने अपने सभी मुकाबलों में उपविजेता की खिताब जीता। चेयरमैन बंगालिया ने खिलाड़ियों की उपलब्धि को सराहना की।

### बास्केटबॉल खिलाड़ी ने दिलाई खुशी

## खुशी ने स्टेट गेम्स में गोल्ड व सीनियर स्टेट बॉस्केटबॉल में जीता रजत पदक

■ खेल नगरी की बेटी ने रचा इतिहास, राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में जीते दो पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

खेल नगरी के नाम से विख्यात भिवानी जिले की बेटी ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। गांव निंगाणा कलां निवासी बास्केटबॉल खिलाड़ी खुशी ने हाल ही में आयोजित दो प्रतिष्ठित राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण व रजत पदक जीता है। खुशी की उपलब्धि ने समस्त जिलावासियों को गौरवान्वित किया है। खुशी ने 15 से 17 नवंबर तक भीम स्टेडियम में हुई 57वीं हरियाणा सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप-2025 में अपनी टीम को रजत पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं इससे पहले 2 से 8 नवंबर तक पंचकूला में हुए 27वें हरियाणा स्टेट गेम्स में भी खुशी ने स्वर्ण पदक हासिल किया था। खुशी अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने दादा केदार सिंह सांगवान, पिता हवलदार रामअवतार, अपनी माता और कोच कृष्ण व अजय श्योराण को दिया।



भिवानी। अपने दादा केदार सिंह सांगवान के साथ पदक विजेता खुशी।

## दिल्ली वर्ल्ड में जूनियर स्पोर्ट्स मीट में दिखाया कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में लिटिल चैंप लीग का आयोजन किया। यह जूनियर स्पोर्ट्स मीट दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल तथा छोटी शाखा दिल्ली वंडर वर्ल्ड का संयुक्त लीग रहा। कार्यक्रम शुभारंभ प्राचार्या डॉ. निर्मला नीतू की अध्यक्षता में हुआ। मुख्यतिथि डॉ. सुदेश बोहरा तथा विशिष्ट अतिथि मिकी सांगई उपस्थित रहे। वहीं दिल्ली वंडर वर्ल्ड की हेड मिस्ट्रेस ज्योति वधवा ने उपस्थिति रही। मंच संचालन मंजू चौहान ने किया। नर्सरी वर्ग के लिए पिगीबैक रन, ब्लाइंडफोल्ड विद गाइडिंग हैंड, रोल द बॉल विद रिंग, पेरेंट–चाइल्ड रिले, कोन एंड बुक चैलेंज जैसी मजेदार और कौशल आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की। एलकेजी वर्ग में कैटरपिलर रेस, टुगेदर वी विन, बैलेंस टू फाइंड हिडन जेम, हॉप–होल्ड एंड कलेक्ट रेस, स्पीड एंड स्किल, यूकेजी वर्ग के बच्चों के लिए रोल द बॉल, ऑब्स्टेकल रेस, रन–ब्लो एंड बर्स्ट रेस, ब्लाइंडफोल्ड बॉन्ड रन, प्रथम में रोप विद हुला हूप्स, पेरेंट्स हुला हूप्स चैलेंज, टाई सॉल्व रन चैलेंज, बास्केट टू बैलून, द्वितीय कक्षा के लिए वॉटर फिल रेस, बैलेंस द कोन, स्मॉल मार्बल स्पून रेस, बैलेंस द बुक जैसी गतिविधियां आयोजित की। सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।



भिवानी। अपने बच्चे को पीठ पर उठाकर दौड़ते अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

### सार संक्षेप

## महिला महाविद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता में बिखेरे रंग



**चरखी दादरी।** महिला महाविद्यालय झोझू कलां में गणित विभाग द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. मन्जू सांगवान ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रतिभागी छात्राओं को शुभकामनाएं दी। विभागाध्यक्ष डॉ. शर्मिला कुमारी ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए भारत के महान गणितज्ञों के जीवन के बारे में संक्षेप में बताया। इस प्रतियोगिता में तमन्ना ने पहला, शशी ने दूसरा तथा पल्लवी व मनीषा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. पूनम अर्थशासूत्र विभागाध्यक्ष, डॉ. पूनम व रेखा गणित विभाग ने निभाई। विजेता छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## लिटिल हार्ट्स की वार्षिक प्रतियोगिता में कैलाश सदन ने बाजी मारी



**भिवानी।** लिटिल हार्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक सदन प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें विद्यालय के पांचवीं से आठवीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर राजकीय वमा विद्यालय पटौदी के प्राचार्य सुनील जैन विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि सदन आधारित गतिविधियां छात्रों में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, आत्मविश्वास और सहयोग की भावना को मजबूत बनाती हैं। उन्होने बताया कि कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों को चार सदनों (क्लैन्स) कैलाश, अरावली, नीलगिरी और विन्ध्या में विभाजित किया गया व उनके मध्य सहगान, नृत्य, खेल, कला प्रदर्शन एवं समूह गतिविधियां आयोजित करवाई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी अदभुत प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। इस अवसर पर जज की भूमिका वैश्य कॉलेज की प्रोफेसर सीमा बंसल व भावना ने निभाई। प्रतियोगिता में कैलाश सदन ने प्रथम स्थान, अरावली सदन ने द्वितीय स्थान और विन्ध्या सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सदनों का नेतृत्व क्रमशः प्रियंका शर्मा (कैलाश सदन), निशा (अरावली सदन), अक्षिता (नीलगिरी सदन) और शिल्पा (विन्ध्या सदन) ने किया, जिनके नेतृत्व में विद्यार्थियों के एक से बढ़कर एक प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के समापन पर विजेता सदन को ट्रॉफी एवं सहभागियों को सहभागिता पुरस्कार व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या आरती शर्मा, मेनका चौधरी, स्वेता, प्रिती, अंजु, आशा, दीपिका, दीपाली, मोनू, गुंजन, निर्भय आदि मौजूद रहे।

सच्ची मित्रता धन-दौलत या पद-प्रतिष्ठा की मोहताज नहीं

## श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा में सुनाया भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग

### कमला नगर के श्रीराम मंदिर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा ज्ञान यज्ञ में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कमला नगर स्थित श्रीराम मंदिर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा ज्ञान यज्ञ का मंगलवार को भंडारे के साथ संपन्न हुई। कथावाचक अनिल प्रणामी जी महाराज ने अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा की मार्मिक कथा सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। पार्षद विनोद चावला, पूर्व पार्षद प्रवीण चावला, सुनीता नारंग, डिंपल मखीजा व हनी ठुकराल ने बताया कि इन सात दिनों तक कथा स्थल पर एक अद्भुत भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा का माहौल बना रहा, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। कथा सतगुरू राधिकादास महाराज और स्वामी सदानंद महाराज के आशीर्वाद से आयोजित दिव्य सत्संग में भारी तादात में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

कथा के समापन पर भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की और आयोजन की सराहना की।



भिवानी। श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

### प्रणामी के प्रवचन

सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन कथावाचक अनिल प्रणामी ने भगवान कृष्ण और उनके प्रिय सखा सुदामा की कथा का विस्तृत रसपान कराया। यह कथा मित्रता के सच्चे अर्थ को दर्शाती है, जहां धन-दौलत और सामाजिक स्थिति कोई मायने नहीं रखती। उन्होंने बताया कि कृष्ण-सुदामा की कथा बताती है कि सच्ची मित्रता धन-दौलत या पद-प्रतिष्ठा की मोहताज नहीं होती। इस अवसर पर प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर पर हीरालाल, अशोक यादव, तनु डिश वाला सहित समस्त महिला मंडल व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## हड़ौदी विद्यालय में विद्यार्थियों को दी स्वच्छता की जानकारी



**बाढ़ड़ा।** गांव हड़ौदी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा शिविर का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य सुचित्रा व एनएसएस प्रभारी सुरेंद्र जाखड़ ने किया। सभी स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और स्कूल परिसर को साफ सुथरा बनाया। शिविर में समाजसेवी जगबीर चांदनी व मिंटू का विशेष सहयोग रहा। शिविर के समापन में बच्चों ने जलपान किया। सुचित्रा ने स्वयंसेवकों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी स्वयंसेवकों से मेहनत करते रहने की प्रेरणा दी। एनएसएस प्रभारी सुरेंद्र जाखड़ ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की इस दौरान सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने प्रकृति बचाओ जीवन बचाओ का लिया संकल्प



**बवानीखेड़ा।** भारत आधुनिक एवं आलौकिक देश है, जिसमें निरंतर दो माह के अंतराल के बाद ऋतुएं बदलती हैं और अलग अलग ऋतु में प्रकृति हमारी रक्षा करती है, उक्त कथन आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने कहे। वे खंड बवानीखेड़ा के राजकीय विद्यालय में आयोजित विश्व प्राकृतिक चिकित्सा दिवस समारोह में उपस्थित बच्चों व अध्यापकों को संबोधित कर रहे थे। आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने बताया कि प्रकृति हमारी रक्षा बिल्कुल निःशुल्क रूप से करती है, इसलिए हमें भी प्रकृति का ध्यान रखना चाहिए। हवा, पानी, मिट्टी, जल व आकाश से हम बिना औषधि के हम अपना इलाज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें रोगों से बचने के लिए प्रकृति की शरण में जाकर अपना उपचार करना चाहिए। आयुष योग सहायक अशोक कुमार व गजानंद ने उपस्थित बच्चों को तुलसी, नीम गिलोय, आंवला, नीम, पीपल, मरवा के पौधे बच्चों को वितरित किए और सदैव प्रकृति से जुड़े रहने का आह्वाहन किया। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक जयप्रकाश, पीटीआई अशोक कुमार, लिपिक गंगाधर, उमेश कुमार, सुशीला, अनीता व विनय आदि उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### जागरुकता — नौरंगाबाद के राजकीय विद्यालय में नशे के खिलाफ कार्यक्रम

विद्यार्थियों को नशे के नुकसान बताना जरूरी : पीटीआई मोतीलाल

## पोस्टर मेकिंग, स्लोगन व जागरुकता रैली निकाल बताए नशे के दुष्प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नशामुक्त भारत अभियान के सफल पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को गांव नौरंगाबाद स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम मौलिक स्कूल हेड मिस्ट्रेस सीमा सिंधु की अध्यक्षता तथा पीटीआई मोतीलाल जांगड़ा के नेतृत्व जागरूकता गतिविधियां करवाई, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और ग्रामीणों को नशे के भयंकर दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत में मौलिक स्कूल हैड मिस्ट्रेस सीमा सिंधु व पीटीआई मोतीलाल जांगड़ा ने सभी विद्यार्थियों को नशामुक्त अभियान की शपथ दिलाई।

■ विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से पूरे गांव का भ्रमण किया

इस दौरान बच्चों ने दृढ़ संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और अपने आस-पास के लोगों को भी इससे बचने के लिए प्रेरित करेंगे। जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन जैसी रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उनके बनाए पोस्टरों और स्लोगनों में नशे के कारण होने वाले सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी नुकसानों को प्रमुखता से दर्शाया था। इन गतिविधियों के उपरांत विद्यार्थियों ने गांव में नशे के खिलाफ जागरुकता रैली निकाली। मौलिक हेड मिस्ट्रेस सीमा सिंधु ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली के दौरान विद्यार्थियों ने अपने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर नशे के खिलाफ लिखे गए नारे और संदेश से लोगों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से पूरे गांव का भ्रमण किया और जोर-जोर से नारे लगाते हुए ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव बताए। इस प्रयास से गांव के वातावरण में नशे के विरुद्ध सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर अध्यापिका मंजू, आनंद, सीमा, सुनीता, सुमन, कृष्ण, मनोज व विद्यार्थी मौजूद रहे।



भिवानी। पीटीआई मोतीलाल जांगड़ा के नेतृत्व में नशे के खिलाफ जागरुकता रैली निकालते विद्यार्थी।

## पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा आज पहुंचेंगी भिवानी

**भिवानी।** पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही कांग्रेस की सद्भाव यात्रा 19 से भिवानी जिले में प्रवेश करेगी। युवा शक्ति बदलाव की ओर के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिवाच ने बताया कि सद्भाव यात्रा 19 नवंबर को लोहारू में प्रवेश करेगी।लोहारू के महाबीर भवन में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाने के उपरांत लोहारू के महावीर भवन से शुरू होकर बस स्टैंड, अनाजमंडी से होते हुए गिगनाऊ, सिंघानी, खरकड़ी गांव से गुजरकर ढिगावा मंडी में विश्राम होगा। वहीं 20 नवंबर को दूसरा दिन सिवानी ब्लॉक के बड़वा गांव से शुरू होकर सिवानी शहर से होते हुए गंडावास गांव में यात्रा का विश्राम होगा। इसके बाद यात्रा 21 नवंबर को तोशाम में प्रवेश करेगी।

■ सद्भाव यात्रा में पूर्व सांसद बृजेंद्र को मिल रहा 36 बिरादरी का समर्थन : सिवाच

गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
सैक्स समस्याएं ऑनलाइन सलाह लें - 9728321662
ताकत का कोर्स लें Rs.750/-
पिछले 25 वर्षो से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिलें (9 am to 7 pm)
पता: 1stफ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
YouTube/Facebook पर देखें/फॉलो करें-जुनेजा क्लीनिक भिवानी